राज्यपाल सचिवालय
राजभवन, जयपुर

समयबद्ध कार्य व्यवस्था तैयार करें

— राज्यपाल

जयपुर, 17 सितम्बर। राज्यपाल श्री कलराज मिश्र ने राजभवन के अधिकारियों के साथ बैठक की। श्री मिश्र ने अधिकारियों से कहा कि समयबद्ध कार्य व्यवस्था तैयार करें। उन्होंने कहा कि जो राजकीय संस्थाए उनके पर्यवेक्षण में आती हैं, उनकी बैठके नियमित आयोजित की जावे।

हम शोभा बढ़ाने के लिए नही — राज्यपाल श्री मिश्र ने कहा कि हम शोभा बढ़ाने के लिए नही हैं। हमें कार्यों को मॉनीटर करते रहना है। निर्देशों की पालना सुनिश्चित करनी है।

जनजाति क्षेत्र का दौरा करेंगे — राज्यपाल श्री कलराज मिश्र ने अधिकारियों के साथ चर्चा में जनजाति क्षेत्र के किसी गांव का दौरा करने की मंशा जताई।

कुलपति समन्वय समिति की बैठक जल्दी बुलाई जाये — उच्च शिक्षा की गतिविधियों की समीक्षा करते हुए राज्यपाल श्री मिश्र ने कहा कि उच्च शिक्षा महत्वपूर्ण बिंदु है। उच्च शिक्षा पर चर्चा करने के लिए कुलपति समन्वय समिति की बैठक का जल्दी ही आयोजित कराये जाने के राज्यपाल ने निर्देश दिये।

कुलपति की मुलाकात — राज्यपाल एवं कुलाधिपति श्री कलराज मिश्र से पत्रकारिता विश्वविद्यालय के कुलपति श्री ओम थानवी ने मुलाकात की। श्री मिश्र ने श्री थानवी से कहा कि विश्वविद्यालय में कक्षाओं का सुचारू संचालन कराया जाये।

राष्ट्रीय महिला आयोग की सदस्य मिली — राज्यपाल श्री कलराज मिश्र से मंगलवार को यहां राजभवन में राष्ट्रीय महिला आयोग की सदस्य डॉ. राजुलबेन ए. देसाई ने शिष्टाचार मुलाकात की।

राज्यपाल बुधवार को बाड़ा पदमपुरा जायेंगे — राज्यपाल श्री कलराज मिश्र बुधवार को प्रातः 10 बजे बाड़ा पदमपुरा जायेंगे। राज्यपाल श्री सिंह टोंक रोड़ स्थित बाड़ा पदमपुरा में पैंतीस दिवसीय जनमंगल अभियान का शुभारम्भ करेंगे। इस अभियान के तहत वहां नेत्र चिकित्सा व लैंस प्रत्यारोपण का शिविर लगाया गया है।

———

डॉ. लोकेश चन्द्र शर्मा
सहायक निदेशक (जनसम्पर्क), राज्यपाल